जो श्याम के दीवाने हैं

कोई दौलत से प्यार करते हैं कोई शोहरत से प्यार करते हैं,
जो श्याम के दीवाने हैं किस्मत पे नाज़ वो करते हैं॥

किसने तेरा बनाया किसने बिगाड़ डाला,
डरता है क्यों जो संग में तेरे किस्मत बनाने वाला,
कोई अपनों से प्यार करते हैं कोई सपनो से प्यार करते हैं,
जो श्याम के दीवाने हैं किस्मत पे नाज़ वो करते हैं॥

किस से लिया दिया है उसकी फिकर ना करना,
क्या क्या दिया कन्हैया ने इसका ज़िकर ही करना,
कोई सूरत से प्यार करते हैं कोई सीरत से प्यार करते हैं,
जो श्याम के दीवाने हैं किस्मत पे नाज़ वो करते हैं॥

मीतों के मीट हैं वो इनसे बड़ी ना यारी,
नैया कभी डूबे ना जब खेवनहार बिहारी,
डूबे है उसकी नैया जो खुद पे विश्वास करते हैं,
जो श्याम के दीवाने हैं किस्मत पे नाज़ वो करते हैं॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26271/title/jo-shyam-ke-diwane-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |